प्रेषक,   **ई–मेल द्वारा/प्रथम अनुस्मारक**

निदेशक/एस.एल.एन.ए.
नगरीय निकाय निदेशालय, उत्तर प्रदेश
8 वॉ तल, इन्दिरा भवन
लखनऊ।

सेवा में,

(1)समस्त सम्बंधित नगर आयुक्त
नगर निगम,
उत्तर प्रदेश।

(2) समस्त सम्बंधित अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत,
उत्तर प्रदेश (द्वारा जिलाधिकारी)।

पत्रांकः पी.एम.यू./1403 / 412/एस.बी.एम./2015   दिनांक 3 फरवरी ~~जनवरी,~~ 2015

विषयः "स्वच्छ भारत मिशन" कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में **शौचालयों** सम्बंधी **"कार्य योजना"** के सम्बंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र संख्या पी.एम.यू./1305/412/एस.बी.एम./2015 दिनांक 8.1.2015 के साथ सचिव, शहरी विकास मन्त्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के पत्र संख्या क्यू–15014/2/2009–सी.पी.एच.ई.ई.ओ. दिनांक 7.11.2014 एवं शासन के पत्र संख्या 345जीआई/ नौ–5–2014–411सा/14 दिनांक 1.1.2015 को संलग्न करते हुए आपये अपेक्षा की गई थी कि "स्वच्छ भारत मिशन" कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में शौचालयों सम्बंधी "कार्य योजना" इस कार्यालय द्वारा बनाये जाने के लिये सूचना उपरोक्त पत्र दिनांक 8.1.2015 के साथ संलग्न प्रारूप (छायाप्रति संलग्न) पर दिनांक 19.1.2015 तक उपलब्ध कराये। वांछित सूचना (दिनांक 28.1.15 तक) केवल 25 नगर निकायों {शेरकोट (बिजनौर), कीरतपुर (बिजनौर), टीकरी(बागपत), शामली, मीरगंज(बरेली), शीशगढ़(बरेली), रिठौरा (बरेली), मैनपुरी, खैर(अलीगढ़), अछल्दा(औरैया), महोना(लखनऊ), बिलग्राम(हरदोई), रायबरेली, परसदेपुर (रायबरेली), सलोन (रायबरेली), लखीमपुर, धौरहरा(लखीमपुर), उन्नाव, ऊगू(उन्नाव), चौरासी (उन्नाव), हैदराबाद(उन्नाव), फतेहपुर रामनगर(बाराबंकी), कर्नेलगंज(गोण्डा), वाराणसी, गंगापुर (वाराणसी)} से प्राप्त हुआ है।

कृपया उपरोक्तानुसार अपने निकाय से सम्बंधित वांछित सूचना संलग्न प्रारूप पर शीर्ष प्राथमिकता पर एक सप्ताह के अन्दर इस निदेशालय को प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्नकः उक्तवत।

भवदीय

(पी. के. सिंह)
निदेशक/एस.एल.एन.ए.

पृ. सं. एवं दिनांक उक्तवत।

प्रतिलिपि संलग्नक सहित –

1– टीम लीडर(पी.एम.यू.), नगरीय निकाय निदेशालय को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

2– श्री अमरेश सिंह चौहान, अपर सांख्यिकीय अधिकारी, नगरीय निकाय निदेशालय, लखनऊ को वांछित सूचनाएं संलग्न प्रारूप पर संकलित कर टीम लीडर(पी.एम.यू.) को उपलब्ध कराने हेतु।

3– जूनियर प्रोग्रामर, निदेशालय को इस पत्र को संलग्नक सहित निदेशालय के वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

(पी. के. सिंह)
निदेशक/एस.एल.एन.ए.

''स्वच्छ भारत मिशन'' कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश के **शहरी क्षेत्रों** में नगरीय निकाय निदेशालय द्वारा **''कान्सेप्ट नोट''** तैयार किये जाने हेतु समस्त नागर निकायों से **शौचालय** से सम्बंधित **वांछित सूचना** का **प्रारूप**

नागर निकाय का नाम	जनपद का नाम	नागर निकाय में कुल आवासीय परिसरों (हाउस होलड्स) की संख्या	आवासीय परिसरों की संख्या जिनमें शौचालय उपलब्ध नहीं है	आवासीय परिसरों की संख्या जिनमें शौचालय, जो सीवर प्रणाली/सेप्टिक टैंक से जुड़े हों, उपलब्धं है	आवासीय परिसरों की संख्या जिनमें पिट (गड्ढा युक्त) शौचालय उपलब्ध है	आवासीय परिसरों की संख्या जिनमें बहाव प्रकार आदि प्रकार के शौचालय उपलब्ध है	सामुदायिक शौचालयों (कमयुनिट टायलेट) की आवश्यकता (संख्या)	सार्वजनिक शौचालयों (पब्लिक टायलेट) की आवश्यकता (संख्या)	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10

अधिकृत प्राधिकारी /प्राधिकारी अधिकारी
का नाम व हस्ताक्षर, दिनांक सहित